प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
01.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19.45 बजे

" मुख्य समाचार"

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को जारी रखने का लिया निर्णय।
- मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह के नाम पर रखने का किया एलान।
- दिल्ली हाट में हिम महोत्सव आज से शुरू– प्रदेश की कला व संस्कृति का होगा प्रदर्शन।

और

- कुल्लू जिले के बंजार क्षेत्र में एक भीषण अग्निकांड में करीब एक दर्जन रिहायशी मकान जल कर राख।

केंद्रीय मंत्रिमण्डल

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को जारी रखने का निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस मद में आवंटित राशि बढाकर 69 हजार पांच सौ 15 करोड रुपये कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत बीमित किसानों में 88 प्रतिशत छोटे और सीमांत किसान हैं, और इनमें 57 प्रतिशत किसान अन्य पिछडा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से आते हैं। अश्वनी वैष्णव ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में किसानों को बीमा योजना के अन्तर्गत एक लाख 70 हजार करोड रुपये की राशि का भुगतान किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि नव वर्ष–2025 में मंत्रिमंडल की पहली बैठक किसानों को समर्पित है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के समीप स्थित हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह के नाम पर रखने की घोषणा की है। संस्थान के 51वें स्थापना दिवस के मौके पर आज उन्होंने स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता........

*लोक प्रशासन संस्थान के स्थापना दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह की दूरदर्शी नीतियों के कारण देश के लोग आत्म–सम्मान के साथ खडे हैं और हिमाचल के विकास में भी उनका विशेष योगदान रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह के प्रयासों से हिमाचल प्रदेश में कई बड़े संस्थान खुले, जिनका लाभ आज लोगों को मिल रहा है।*

*मुख्यमंत्री ने प्रदेश को वर्ष 2032 तक आत्मनिर्भर बनाने के सरकार के संकल्प को भी दोहराया। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में सफल रही है जिसमें मंत्रिमंडल सदस्यों सहित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का भी सहयोग मिल रहा है।*

*मुख्यमंत्री ने संस्थान में स्पैशल एजुकेटर के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने लोक प्रशासन संस्थान की कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया।*

वाहन रवाना

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज शिमला में कैंसर रोगियों व अस्पताल जाने में असमर्थ मरीजों की सुविधा के लिए एक देखभाल वाहन को रवाना किया। इस देखभाल वाहन में एक चिकित्सक, एक समाज शास्त्री और एक नर्स मौजूद रहेंगे। शुरूआत में ये सेवा आईजीएमसी शिमला के 40 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले मरीजों को प्रदान की जाएगी। इस पहल के तहत मरीजों को दवाईयां और ड्रैसिंग किट निःशुल्क दी जाएंगी।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने दो वर्ष के कार्यकाल में अपनी गारंटियों और दायित्वों के विपरीत काम किया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि नए साल में भी सरकार द्वारा लोगों की नौकरियां छिनने का सिलसिला जारी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि अब नये साल में आईजीएमसी शिमला में सैंकड़ों की संख्या में आउटसोर्स कर्मियों को निकालने की जानकारी मिल रही है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद से ही कांग्रेस सरकार ने लगातार जनविरोधी निर्णय लिए हैं और दो हजार से अधिक संस्थानों को बंद करने के अलावा डेढ़ लाख से अधिक पदों को समाप्त कर दिया है। विपक्ष के नेता ने सरकार के इन फैसलों को दुर्भाग्यपूर्ण और संवेदनहीनता से पूर्ण करार दिया है।

भेंट

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला स्थित राजभवन में आज राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी राज्यपाल से भेंट कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। वहीं दूसरी ओर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने भी राजभवन में राज्यपाल से भेंट की। पंजाब के राज्यपाल इन दिनों प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर हैं।

शिलान्यास

चंबा जिले में भटियात क्षेत्र के राजकीय आदर्श विद्यालय टुंडी के भवन का विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज शिलान्यास किया। इस भवन के निर्माण पर करीब पांच करोड़ 95 लाख रूपए की राशि खर्च होगी। पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ढांचागत विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सबसे अधिक भर्तियां शिक्षा विभाग में होने जा रही है जिससे आने वाले समय में शिक्षकों की कमी को पूरा कर लिया जाएगा।

हिम महोत्सव

दिल्ली के आई.एन.ए. स्थित प्रसिद्व दिल्ली हाट में आज से 15 जनवरी तक दूसरे हिम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में लोगों को हिमाचल प्रदेश के पारंपरिक पकवानों के अलावा कला संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलेगा। प्रदेश के प्रधान सचिव उद्योग आर. डी. नजीम ने बताया कि इस महोत्सव में राज्य के सभी 12 जिलों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा कांगड़ा चित्रकला व चंबा रूमाल सहित कला व शिल्पकला की प्रदर्शनियां लगाई जा रही हैं। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी कल दो जनवरी को हिम महोत्सव का विधिवत शुभारंभ करेंगे।

आग

कुल्लू जिले में बंजार उपमंडल के तांदी गांव में आज एक भीषण अग्निकांड में करीब एक दर्जन रिहायशी मकान जलकर राख हो गए। इससे संपत्ति को भारी नुकसान हुआ है और कई परिवार बेघर हुए हैं। कुल्लू से हमारे संवाद्दाता के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन वाहन मौके के लिए रवाना हुए और आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। विधायक सुरेन्द्र शौरी ने भी घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया।

रक्तदान

नववर्ष के मौके पर स्वयंसेवी संस्था उमंग फाउंडेशन ने आज शिमला के रिज मैदान पर रक्तदान शिविर लगाया। शिविर के शुभारंभ पर ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने फाउंडेशन के सामाजिक कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान और दिव्यांगजनों के लिए संस्था द्वारा किए जा रहे कार्य विशेष रूप से सराहनीय हैं। शिविर में 45 लोगों ने रक्तदान किया।

नव वर्ष

प्रदेश भर में नए साल 2025 का स्वागत पूरे जोश के साथ किया गया। नए साल का जश्न मनाने के लिए लगभग तीन लाख से ज्यादा सैलानी मनाली, शिमला, धर्मशाला सहित अन्य पर्यटक स्थलों पर पहुंचे हैं। पर्यटकों की भारी तादाद को देखते हुए प्रदेश में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। राजधानी शिमला के मॉल रोड व रिज मैदान पर आधी रात को आतिशबाजी के साथ लोगों ने जश्न मनाया, हालांकि पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर चल रहे राष्ट्रीय शोक के मददेनजर सार्वजनिक तौर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया गया।

नए साल के मौके पर प्रदेश भर के शक्तिपीठों सहित मंदिरों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शीश नवाया और सुख समृद्धि की कामना की।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। पिछले तीन दिनों से प्रदेश में मौसम के साफ रहने से लोगों को दिन के समय कड़ाके की ठंड से निजात मिली है। हालांकि सुबह–शाम ठंड का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 4 जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसके चलते 6 जनवरी तक ऊपरी क्षेत्रों में हिमपात और अन्य भागों में वर्षा की संभावना है।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर'

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को जारी रखने का लिया निर्णय।
- मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह के नाम पर रखने का किया एलान।
- दिल्ली हाट में हिम महोत्सव आज से शुरू– प्रदेश की कला व संस्कृति का होगा प्रदर्शन।
- कुल्लू जिले के बंजार क्षेत्र में एक भीषण अग्निकांड में करीब एक दर्जन रिहायशी मकान जल कर राख।